# अनुसूचित जाति उप–योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण का प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में आयोजन

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अर्न्तगत दिनाँक 11.09.2025 को एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें गाँव फूलदेसर एवं मलकीसर, तहसील लूणकरणसर, जिला बीकानेर के 51 अनुसूचित जाति के किसानों को प्रशिक्षण एवम् अनुसंधान फार्म में भम्रण के दौरान उन्नत तकनिकों एवं फसलों के बारें में जानकारी दी गई तथा सजीव फसल वाटिका का अवलोकन करवाया गया। फार्म पर प्रायोगिक प्रक्षेत्र प्रर्दशन में फसल की विभिन्न किस्मों (मुंगफली, बाजरा, मोठ, मुंग एवम् ग्वार) आदि के बारे में डॉ. नारायण सिंह नाथावत ने जानकारी दी। डॉ. बीरबल ने सेंजना, केंचुआ खाद युनिट एवं एकीकृत कृषि प्रणालियों के बारें जानकारी दी। खेजड़ी एवम् अरडू के साथ कृषि–वानिकी प्रणालिया आदि के बारे में डॉ. मोती लाल सोनी ने जानकारी दी। डॉ. नवरतन पंवार, अध्यक्ष, काजरी प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर ने शुष्क क्षेत्रों में विभिन्न फसलों में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले नुकसान एवम् तत्वों की कमी को दूर करने के उपायों के बारें में विस्तृत जानकारी दी साथ ही लवणीय सिचांई जल के समूचित उपयोग के बारें में जानकारी प्रदान की। डॉ. गोपाल लाल बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक एवम् समन्वयक ने किसानों को अनुसूचित जाति उप योजना के बारें में बताया तथा किसानों की आय बढ़ाने में स्वयं सहायता समूह का महत्व समझाया। सभी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसलों के बारें में जानकारी एवं सुझाव से किसान काफी सन्तुष्ट दिखें एवं अपनी संकाओं का समाधान के लिए वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।








